भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 297
गुरूवार, 3 फरवरी, 2022/14 माघ, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

ओडिशा में ग्रामीण सर्किट और आध्यात्मिक सर्किट का विकास

297. श्री सुजीत कुमारः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क्या सरकार स्वदेश दर्शन योजना के तहत ओडिशा राज्य में ग्रामीण सर्किट और आध्यात्मिक सर्किट के विकास के लिए और अधिक निधियों की स्वीकृति के संबंध में विचार करेगी?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

पर्यटन का विकास मुख्य रूप से राज्य सरकार की जिम्मेदारी है तथापि पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन योजना के तहत ओडिशा राज्य में 70.82 करोड़ रु. की राशि से तटवर्ती परिपथ थीम से संबंधित एक परियोजना को स्वीकृति दी है । स्वदेश दर्शन योजना के तहत नई परियोजनाओं पर इस समय विचार नहीं किया जा रहा है ।

*****